an>

Title: Issue regarding removal of name plate of freedom fighter Vir Sawarkar from Andaman Cellular jail.

श्री राहुल शेवाले (मुम्बई दक्षिण मध्य) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। वर्ष 2004 में यूपीए सरकार के एक मंत्री ने अंडमान सैलुलर जेल संग्रहालय में स्थापित एक प्लेट, जिस पर स्वतंत्रता सैनानी वीर सावरकर जी का नाम और उनकी एक प्रसिद्ध कोटेशन, जो राष्ट्रभक्ति पर थी, उसे वहां से हटाकर उनका अपमान किया। वीर सावरकर जी ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महान योगदान करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। वीर सावरकर जी का नाम एवं उनकी एक मशहूर कोटेशन एक प्लेट पर अंकित करके अंडमान जेल स्मारक में लगी हुई थी। हम सभी जानते हैं कि वीर सावरकर जी को ब्रिटिश सरकार ने काले पानी की सजा दी थी और उन्होंने अंडमान निकोबार सैलुलर जेल में 13 साल की सजा काटी थी। जहां उन्होंने अंग्रेजों के अत्याचारों के विरुद्ध कभी सिर नहीं झुकाया। इसके साथ ही उन्होंने अपने जेल प्रवास के दौरान महान कविताओं की रचना वहां पर की थी। यू.पी.ए सरकार के मंत्री *(Interruptions) â€¦* * ने...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नाम लेने की जरूरत नहीं है। आप अपनी मांग रखिए।

श्री राहुल शेवाले : उन्होंने संग्रहालय से उस प्लेट को हटाने का हुक्म दिया जिस पर वीर सावरकर का नाम और कोटेशन अंकित था। स्वतंत्रता सैनानी भारत के महान सुपुत्र रहे थे। वे किसी पार्टी या समुदाय से संबंधित नहीं थे। यू.पी.ए सरकार का यह कार्य निंदनीय है, जिसके द्वारा स्वतंत्रता सैनानियों का अपमान हुआ है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने कुछ समय पहले वीर सावरकर जी की कविताओं का एक म्यूजिकल एलबम जारी करके स्वतंत्रता सैनानी का सम्मान किया था।

मेरा माननीय प्रधान मंत्री जी से अनुरोध है कि सम्मान सहित वह प्लेट, जिस पर वीर सावरकर जी का नाम और कोटेशन अंकित है, उसे उसी स्थान पर एक समारोह करके लगाना चाहिए जिससे स्वतंत्रता सैनानियों का सम्मान होगा।

माननीय अध्यक्ष : श्री राहुल शेवाले द्वारा उठाये गये विषय के साथ

श्री रमेश बिधूड़ी,

डॉ.किरिट पी.सोलंकी,

प्रो. रविन्द्र विश्वनाथ गायकवाड़,

श्री अरविंद सावंत,

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे,

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे,

श्री अश्विनी कुमार चौबे एवं

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को एशोसिएट किया जाए।